DIGITAL - EPAPER

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 123 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार, 19 अक्टूबर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का किसानों को तोहफा 72 लाख कृषकों के खातों में भेजी सहायता राशि





**भीलवाड़ा फोकस @ भरतपुर।**

धनतेरस के अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपनी जन्मभूमि नदबई से प्रदेश के किसानों को एक बड़ा उपहार दिया। शनिवार को कृषि उपज मंडी में आयोजित भव्य राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की चौथी किस्त जारी की, जिससे प्रदेश के लगभग 72 लाख किसानों के खातों में 1000-1000 रुपये की सहायता राशि सीधे हस्तांतरित की गई।

कार्यक्रम के दौरान नदबई में मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत हुआ। मंच पर पहुंचते ही जनता ने गिरिराज महाराज की जय के जयकारों से स्वागत किया। सीएम शर्मा ने भी अपने संबोधन की शुरुआत गिरिराज महाराज के स्मरण से की और प्रदेशवासियों को धनतेरस व दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि किसानों को लाभान्वित करने का अवसर उनकी जन्मस्थली से मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र की किसान सम्मान निधि के तहत मिलने वाले ?6000 के साथ राज्य सरकार अतिरिक्त ?3000 की सहायता दे रही है। उन्होंने बताया कि डबल इंजन की सरकार का उद्देश्य किसानों को सशक्त बनाना है ताकि कोई भी कृषक सरकारी योजनाओं से वंचित न रह सके।

भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में पेपर लीक जैसी घटनाएं आम थीं, जबकि उनकी सरकार ने पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि अब गरीब किसानों के बच्चे भी RAS जैसे ऊंचे पदों तक पहुंच रहे हैं।मुख्यमंत्री ने किसानों से आधुनिक खेती की दिशा में कदम बढ़ाने की अपील की और कहा कि तकनीकी व वैज्ञानिक पद्धति से ही खेती को लाभकारी बनाया जा सकता है।

### नदबई को मिली सौगातें

मुख्यमंत्री शर्मा ने समारोह में नदबई और आसपास के क्षेत्र के विकास के लिए कई घोषणाएं कीं। उन्होंने नदबई को पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) में शामिल करने का आश्वासन दिया और कहा कि पानी आने के बाद यह क्षेत्र सोने जैसी चमक बिखेरेगा। इसके साथ ही नदबई में ड्रेनेज सिस्टम, मिनी सचिवालय और बाईपास रिंग रोड के निर्माण की भी घोषणा की।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने राजकीय जिला अस्पताल भवन का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद उनका यह नदबई का पहला दौरा था, जिसे लेकर पूरे क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जनसभा के बाद मुख्यमंत्री अपने पैतृक गांव भी अटारी पहुंचे।


## श्री चारभुजा नाथ मंदिर परिसर में प्रचलित हुआ राजस्थान का सबसे बड़ा मिट्टी का दीपक

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

**दिनेश पारिक ।** धनतेरस पर्व के पावन अवसर पर शनिवार को श्री चारभुजानाथ मंदिर परिसर में श्रद्धा और उल्लास के बीच राजस्थान का सबसे बड़ा मिट्टी से निर्मित दीपक प्रचलित हुआ।

श्री चारभुजा युवा शक्ति संगठन के संरक्षक प्रकाश वैष्णव ने बताया कि यह विशाल दीपक पूरी तरह मिट्टी से तैयार किया गया है। इसकी ऊँचाई लगभग 7.5 फीट और चौड़ाई 11 फीट है। इस दीपक को श्री चारभुजा युवा शक्ति संगठन के साथियों ने मिलकर कई दिनों की मेहनत से तैयार किया।

संध्या आरती के बाद महंत श्री दीपक पुरी महाराज के सानिध्य में दीपक का प्रज्वलन किया गया, जिसके साथ ही मंदिर परिसर जय चारभुजानाथ के जयघोष से गूंज उठा। दीपक की लौ ने पूरे परिसर को आलोकित कर दिया और श्रद्धालुओं ने इसे शुभता एवं समृद्धि का प्रतीक बताया। प्रकाश वैष्णव ने कहा कि यह दीपक राजस्थान में अब तक



निर्मित सबसे बड़ा मिट्टी का दीपक है, जो पर्यावरण संरक्षण और भारतीय संस्कृति के गौरव का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि आने वाले वर्षों में इसे और भी भव्य स्वरूप देने की योजना है। इस अवसर पर श्री चारभुजा मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, सचिव श्याम सुंदर चेचाणी, मन्दिर पुजारी सत्यनारायण पाराशर चंद्रशेखर पाराशर व ओम पालिवाल, अरविंद, अभिषेक, महावीर, गोपाल, नारायण माली, बसन्त सोनी मौजूद रहे

## बेरोजगारी और भेदभाव के चलते युवक ने की आत्महत्या, परिवार और समाज में शोक की लहर




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

नगर पालिका में क्रमोन्नत होने के बाद सफाई कर्मचारियों की संख्या घटाकर 93 से 30 करने और वाल्मीकि समाज के अतिरिक्त लंबे समय से काम कर रहे हैला समाज के लोगों को नौकरी से हटाने के बाद आहत एक युवक ने शुक्रवार देर रात घर पर खुदकुशी कर ली।

हैड कांस्टेबल राम सिंह मीणा ने बताया कि मृतक इकबाल पिता सफी मोहम्मद हैला (40 वर्ष), निवासी हैला मोहल्ला मस्जिद के पास, पिछले तीन महीनों से बेरोजगारी से परेशान था। जिसके चलते उसने कमरे में चुनरी का फंदा लगा सुसाइड कर लिया । मृतक के बेटे सकील ने बताया कि उसके पिता पिछले कई दिनों से बेरोजगार थे । उनके घर में तीन बच्चे और पत्नी हैं। बेरोजगारी के कारण परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो गया था।

सक़ील ने बताया कि हैला समाज के लोगों ने कई बार इस भेदभाव के मुद्दे को लेकर जिला कलेक्टर, मांडलगढ़ विधायक और नगर



पालिका के अधिशासी अधिकारी से शिकायत की और सफाई कर्मचारी के रूप में नियुक्ति की मांग की, लेकिन लंबे समय तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। शुक्रवार रात उसके पिता ने घर पर चुनरी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य हॉल में सो रहे थे। सुबह पत्नी उसे उठाने गई तो उसे फंदे पर लटका देखा, जिससे उनका होश उड़ गए और उन्होंने शोर मचाया। इसके बाद पड़ोसियों ने तुरंत युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद हैला समाज के लोग गुस्सा और शोक व्यक्त कर रहे हैं।

## भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन ने भरा नामांकन, अंता उपचुनाव में कांग्रेस से सीधी टक्कर तय

**भीलवाड़ा फोकस @ बारां ।**

राजस्थान की चर्चित अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव का माहौल अब पूरी तरह गरमा गया है। शनिवार को भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन ने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल कर चुनावी रण में औपचारिक एंट्री ली। नामांकन के दौरान उनके साथ झालावाड़-बारां सांसद दुष्यंत सिंह, मंत्री जोगाराम पटेल, जिलाध्यक्ष नरेश सिकरवार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नामांकन दाखिल होने के साथ ही अंता विधानसभा का सियासी मुकाबला अब स्पष्ट हो गया है । एक ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया, वहीं दूसरी ओर भाजपा के मोरपाल सुमन



आमने-सामने होंगे। इसके अलावा निर्दलीय नरेश मीणा भी चुनावी समर में अपनी दावेदारी पेश कर चुके हैं। उपचुनाव के लिए मतदान 11 नवंबर 2025 को होगा, जबकि नामांकन की अंतिम तारीख 21 अक्टूबर तय है।

कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया ने पहले ही 15 अक्टूबर को भव्य नामांकन रैली निकालकर अपनी संगठनात्मक ताकत का प्रदर्शन किया था। इसके जवाब में भाजपा ने 17 अक्टूबर को सादगीपूर्ण लेकिन रणनीतिक अंदाज में मोरपाल सुमन को उम्मीदवार घोषित किया और अब नामांकन दाखिल कर मैदान में उतर गई है।

मोरपाल सुमन माली समाज से आते हैं, जो अंता विधानसभा क्षेत्र में प्रभावशाली माना जाता है। पार्टी को उम्मीद है कि सुमन की स्थानीय पकड़, सरल छवि और समाज के व्यापक समर्थन से भाजपा को बढ़त मिलेगी। हालांकि कुछ वर्गों ने सवर्ण उम्मीदवार की मांग की थी, लेकिन संगठन ने सामाजिक समीकरणों और स्थानीयता को प्राथमिकता देते हुए सुमन पर भरोसा जताया है।

अब अंता की यह जंग पूरी तरह भाया बनाम सुमन के रूप में देखी जा रही है , एक ओर अनुभवी मंत्री, तो दूसरी ओर युवा स्थानीय चेहरा। चुनावी समीकरण किसके पक्ष में झुकेंगे, यह 11 नवंबर को होने वाले मतदान के नतीजे तय करेंगे।

## मोबाइल टावर चोरी प्रकरण में दो गिरफ्तार, गैंगस्टर संस्कृति को बढ़ावा देने वाले सिंगर पर भी कार्रवाई

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)** बड़लियास थाना पुलिस ने मोबाइल टावर से चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, वहीं गैंगस्टर संस्कृति को बढ़ावा देने वाले एक सिंगर पर भी कार्रवाई की गई है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। थाना प्रभारी देवराज सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। 2 साल पूर्व सुभाष नगर थाना क्षेत्र में मोबाइल टावर से चोरी की वारदात में शामिल गैंग से जुड़े दो युवकों अनिल पुत्र कैलाश खटीक निवासी आकोला और चंद्र प्रकाश उर्फ रोशन पुत्र मूलचंद शर्मा निवासी जितिया को शांति भंग की धारा में गिरफ्तार किया गया है।

इसके अलावा, अपने भजनों व गीतों के माध्यम से गैंगस्टर संस्कृति को बढ़ावा देने के मामले में सिंगर राजू गाड़री निवासी बनकाखेड़ा को भी शांति भंग के तहत गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी सिंह ने बताया कि समाज में आपराधिक प्रवृत्ति और असामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई जारी रखेगी।



' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

## बड़लियास थाना पुलिस की कार्रवाई ,दो बजरी से भरे ट्रैक्टर सहित पांच ट्रैक्टर जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)** बड़लियास थाना पुलिस ने शनिवार को अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की हैं, जिनमें दो ट्रॉली बजरी से भरी हुई थीं। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र के बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

थाना प्रभारी देवराज सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के पिथास और सोलंकिया का खेड़ा गांव में की गई। पुलिस टीम ने मौके से दो ट्रैक्टर ट्रॉली अवैध बजरी सहित और तीन खाली ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया। सभी वाहनों को थाने लाकर खड़ा किया गया तथा एम.वी. एक्ट के तहत



प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन व बजरी परिवहन पर सख्त निगरानी रखी जा रही है और इस तरह की कार्रवाइयाँ आगे भी जारी रहेंगी।

# सरदार नगर चौराहे के पास बाइक-कार की आमने-सामने भिड़ंत, दो युवक गंभीर घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचन्द पेसवानी।** क्षेत्र के सरदार नगर चौराहे के पास शनिवार देर शाम एक बाइक और कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में ऊकारपुरा निवासी अभिषेक कुमावत और दौलतराम कुमावत गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक सड़क पर जा गिरे।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस के पायलट मुर्शिद खान और ईएमटी रमेश गुर्जर मौके पर पहुंचे और घायलों को प्राथमिक उपचार देते हुए भीलवाड़ा महात्मा गांधी चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों की हालत गंभीर बताई, जिसके बाद उन्हें उदयपुर रैफर किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक तेज गति से शाहपुरा की ओर आ रही थी, तभी सामने से आ रही कार ने अचानक मोड़ लिया, जिससे दोनों वाहनों की भिड़ंत हो



गई। सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस के अनुसार, हादसे के कारणों की जांच की जा रही है और दोनों वाहनों के चालकों से पूछताछ की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरदार नगर चौराहे पर तेज गति से वाहन चलाने के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। फिलहाल दोनों घायलों की हालत चिंताजनक बनी हुई है और परिजन उदयपुर रवाना हो गए हैं।

## धनतेरस पर काछोला में दीपावली मेला महोत्सव का हुआ शुभारंभ



**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

**विक्रम सिंह।** परंपरा, संस्कृति और उत्सव के रंगों से सजा काछोला का ऐतिहासिक दीपावली मेला महोत्सव शनिवार को धनतेरस के अवसर पर विधिवत रूप से आरंभ हुआ यह मेला सैकड़ों वर्षों से काछोला क्षेत्र की पहचान बन चुका है, जो दीपावली पर्व पर दस दिनों तक हर्ष और उल्लास के माहौल में आयोजित होता है । उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया इस दौरान ग्रामवासियों ने विधायक का पारंपरिक स्वागत किया उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि दीपावली मेला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि यह हमारी लोक संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रशासक रामपाल बलाई ने बताया कि यह मेला क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर है, जो पीढ़ियों से यहां की जनता को जोड़ता आया है उन्होंने बताया कि मेले में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम, झूले, खेलकूद और ग्रामीण व्यापारिक गतिविधियों का आयोजन रहेगा


मेले में क्षेत्र के व्यापारियों ने भी बड़ी संख्या में अपनी दुकानें सजाई हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में उत्साह का माहौल है प्रशासन द्वारा सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए हैं ताकि मेले में आने वाले आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इस दौरान विधायक गोपाल खंडेलवाल काछोला ग्राम पंचायत प्रशासक रामपाल बलाई ठाकुर वंश प्रदीप सिंह सोलंकी विधायक प्रतिनिधि संदीप सोनी सरपंच प्रतिनिधि सत्यनारायण बलाई भाजपा युवा नेता अरविंद माली ,भगवान मंत्री घनश्याम पोरवाल वासुदेव पालीवाल शंकर गुर्जर सोजी गुर्जर दुदा गुर्जर नंद लाल शर्मा आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत ट्रेवल्स बस से 600 किलो संदिग्ध मावा जब्त, घी का भी लिया नमूना

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**मूलचन्द पेसवानी।** त्योहारों के मद्देनज़र शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत भीलवाड़ा जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा शहर और हाईवे क्षेत्रों में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने किया।

निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार यादव और जगदीश प्रसाद सैनी की टीम ने ट्रेवल्स बसों व खाद्य दुकानों की जांच की। इस दौरान एक ट्रेवल्स बस में रखे घी की केन से नमूना जांच हेतु लिया गया। वहीं,



अलसुबह एक अन्य ट्रेवल्स बस से आया लगभग 500 से 600 किलो संदिग्ध मावा खोया लावारिस हालत में मिला, जो बदबूदार और खराब गुणवत्ता वाला प्रतीत हुआ। टीम ने उक्त मावा को स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद डंपिंग यार्ड में नष्ट कराया। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने बताया कि त्योहारों के समय मिलावटखोर सक्रिय हो जाते हैं, इसलिए विभाग द्वारा जिलेभर में सघन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को विश्वसनीय दुकानों से ही मिठाई, मावा, घी, तेल व दूध उत्पाद खरीदने चाहिए तथा संदिग्ध वस्तु मिलने पर तुरंत विभाग को सूचित करना चाहिए। डॉ. शर्मा ने बताया कि लिये गए नमूने राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने पर दोषियों के खिलाफ कानूनी व प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।


खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक यादव ने कहा कि विभाग की टीम त्योहारों के दौरान रोजाना निरीक्षण, सैंपलिंग और रैंडम चेकिंग जारी रखेगी, ताकि असुरक्षित या मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

# प्रदेशभर में मशहूर फूलों की खेती, दीपावली पर बंपर पैदावार से खिले किसानों के चेहरे

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला ।**

कस्बा इस समय रंग-बिरंगे फूलों की खुशबू से महक उठा है। दीपावली और नवरात्रा जैसे पर्वों पर यहां उगने वाले फूलों की मांग न केवल जिले में बल्कि प्रदेश के बाहर तक रहती है। इस बार किसानों को फूलों की बंपर पैदावार मिली है, जिससे खेतों में रौनक और चेहरों पर मुस्कान लौट आई है।

गुरला-उदयपुर हाइवे के किनारे स्थित यह कस्बा फूलों की खेती के लिए प्रसिद्ध है। यहां रणजीत सागर तालाब और मातृकुंडिया नहर से



सिंचाई के लिए सालभर पानी उपलब्ध रहता है, जिससे किसानों को लगातार उत्पादन में सहूलियत मिलती है। किसान कन्हैयालाल माली ने बताया कि यहां रतलाम और पुष्कर से मंगाए गए उच्च गुणवत्ता वाले बीजों से फूलों की खेती की जाती है। किसान गोपाल माली व मीरा देवी माली के अनुसार इस वर्ष हजारे और गुलाब की बंपर फसल हुई है। दीपावली के अवसर पर मजदूरों द्वारा युद्धस्तर पर फूल तोड़ने और मालाएं तैयार करने का काम चल रहा है। ये मालाएं भीलवाड़ा, अजमेर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ और नाथद्वारा तक भेजी जाती हैं।

किसानों का कहना है कि गुरला की उपज पूरे जिले में सबसे बेहतर मानी जाती है और यहां की फूल खेती अब आजीविका का प्रमुख जरिया बन चुकी है।

## नाहरगढ़ डेयरी में हुआ दीपावली बोनस वितरण



**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**

**विक्रम सिंह ।** नाहरगढ़ सरस डेयरी की ओर से दीपावली पर्व के अवसर पर नाहरगढ़ डेयरी के दुग्ध उत्पादक किसानों को दीपावली बोनस एवं दर अंतर राशि का वितरण किया गया । इस अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता डेयरी सुपरवाइजर प्रकाश शर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भैरू लाल जाट, निदेशक सरस डेयरी भीलवाड़ा उपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार किसानों को 1 रुपये प्रति लीटर के हिसाब से दीपावली बोनस के रूप में 2 लाख 10 हजार रुपये तथा 80 पैसे प्रति लीटर दर अंतर के रूप में 4 लाख 10 हजार रुपये की राशि वितरित की गई

मुख्य अतिथि भैरू लाल जाट ने अपने संबोधन में कहा कि सरस डेयरी सदैव दुग्ध उत्पादक किसानों के हित में कार्य करती आई है उन्होंने कहा कि स्वच्छ व गुणवत्तापूर्ण दूध उत्पादन से किसानों की आय में वृद्धि होगी और डेयरी क्षेत्र में मजबूती आएगी । अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने बताया कि दीपावली बोनस वितरण से किसानों का मनोबल बढ़ा है और इससे दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि की उम्मीद है

, कार्यक्रम में डेयरी से जुड़े कई दुग्ध उत्पादक, कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।



## QUICK BITES

### भक्ति और संस्कृति का संगम ,गौ माता पूजन से हुआ दीपोत्सव पर्व का शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



**(मूलचन्द पेसवानी)** श्री पंचमुखी दरबार सेवा समिति की ओर से गौ माता के पूजन और लापसी खिलाकर दीपोत्सव पर्व का शुभारंभ किया गया। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर देश में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।समिति अध्यक्ष महंत लक्ष्मण दास त्यागी ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं और दीपोत्सव आत्मिक प्रकाश का प्रतीक है। महामंत्री परमेश्वर दास ने बताया कि पर्व के दौरान गौ सेवा, गरीबों को भोजन वितरण, मंदिरों में दीप सज्जा और भक्ति संगीत संध्या जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम में अजय रामदास, बृजमोहन दास, प्रेमदास, रघुनंदन दास, रामशरण दास, गोपाल दास सहित अनेक श्रद्धालु शामिल हुए। दीपों, पुष्पों और रंगोलियों से सजे स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार और भक्ति संगीत से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

अंत में सामूहिक आरती व प्रसाद वितरण के साथ दीपोत्सव की पावन शुरुआत हुई।

### राजीविका क्लस्टर बनेड़ा में हर्षोल्लास के साथ लक्ष्मी पूजन कर मनाई दीपावली

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा ।



**परमेश्वर दमामी**। राजीविका क्लस्टर में शनिवार को दीपावली का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। क्लस्टर कार्यालय परिसर में महिला स्वयंसहायता समूह की सदस्याओं ने विधिवत रूप से मां लक्ष्मी और भगवान गणेश का पूजन कर दीप प्रज्वलित किए।

पूजन के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और संगठन की प्रगति, समृद्धि व एकता की कामना की। इस अवसर पर क्लस्टर मैनेजर पुजा यदुवंशी ने कहा कि लक्ष्मी पूजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समृद्धि, आत्मनिर्भरता और संगठन की एकता का प्रतीक है।

कार्यक्रम में सभी महिला समूहों ने अपने हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई, जिससे ग्रामीण महिला उद्यमिता को बढ़ावा मिला। पूजा उपरांत मिठाई वितरण किया गया और उपस्थित सभी सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर अंधकार पर प्रकाश के विजय का संदेश दिया।

ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं द्वारा इस प्रकार सामूहिक रूप से दीपावली मनाने से सामाजिक एकता, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की भावना को नया बल मिला।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# उन्नत नस्ल के पशुपालन और व्यावसायिक शिक्षा से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती - पूर्व मंत्री रामलाल जाट

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा






**(मूलचन्द पेसवानी)** बीलिया ग्राम पंचायत के खान का खेड़ा स्थित दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड में आयोजित समारोह में पूर्व मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि उन्नत नस्ल के पशुपालन और व्यावसायिक शिक्षा को अपनाना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बना सकता है। उन्होंने कहा कि गांवों में युवा यदि तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा की ओर बढ़ें, तो वे आत्मनिर्भर होकर अपने गांव को भी समृद्ध बना सकते हैं।

इस अवसर पर जाट ने खान का खेड़ा दुग्ध समिति के नवनिर्मित भवन और बल्क मिल्क कूलर का लोकार्पण किया तथा समिति की सराहना करते हुए कहा कि सहकारी संस्थाएं ग्रामीण सशक्तिकरण की मजबूत कड़ी हैं।

कार्यक्रम में उन्होंने समेलिया दुग्ध समिति के 227 सदस्यों को 10 लाख 1 हज़ार 108 का बोनस वितरित किया और कहा कि यह पारदर्शिता और सामूहिकता का परिणाम है। साथ ही 243 विद्यार्थियों को सरस स्कूल बैग वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान गजराज सिंह राणावत ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भगवत सिंह तहनाल, अर्जुन बेरवा, प्रहलाद भील, रामलाल जाट भाजपा, रामप्रसाद कुमावत, हमीद खान सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे। समारोह में सैकड़ों पशुपालकों ने भाग लिया और सहकारी समितियों को सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

# जिला कलेक्टर संधू ने बढ़ाया भीलवाड़ा का गौरव

## आदिवासी कल्याण में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भीलवाड़ा जिले को आदिवासी कल्याण और सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत दिया गया, जो आदिवासी क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले जिलों को प्रोत्साहित करने हेतु शुरू किया गया है।

जिले की ओर से यह सम्मान राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू को प्रदान किया। कलेक्टर संधू के नेतृत्व में जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में अनेक अभिनव पहलें की गईं, जिनसे आदिवासी समुदायों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

जनजातीय कार्य मंत्रालय के सचिव विभु नायर ने कहा कि भीलवाड़ा जिले का यह सम्मान उसके सतत और प्रभावी कार्यों का प्रतीक है।

कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने सम्मान मिलने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि जिले के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की सामूहिक मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

इस राष्ट्रीय सम्मान ने न केवल भीलवाड़ा का गौरव बढ़ाया है, बल्कि राजस्थान के आदिवासी विकास मॉडल को देशभर में एक नई पहचान दी है।

# जरूरतमंदों संग मानवता की मिठास से मनाई दीपावली, 200 किलो मिठाई वितरित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।






राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद एवं जीव मैत्री सेवा संस्थान, भीलवाड़ा द्वारा इस वर्ष दीपावली पर्व को मानवता की सेवा के रूप में मनाया गया। वकील कॉलोनी स्थित मंगल भवन में आयोजित कार्यक्रम के तहत संस्था के सदस्यों ने शहर की विभिन्न कच्ची बस्तियों में जाकर लगभग 200 किलो बेसन की चक्की मिठाई जरूरतमंद परिवारों में वितरित की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सीए सुभाष चंद्र बहेडिया ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का नहीं, बल्कि मानवता के दीप प्रज्वलित करने का पर्व है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाना ही सच्ची दीपावली है।

परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बम्ब और संरक्षक हेमंत कोठारी ने कहा कि समाज में करुणा, प्रेम और सहयोग का संदेश फैलाना ही संस्था का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि ऐसे मानवता से जुड़े कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे।

महिला विंग जिलाध्यक्ष नेहा चोरड़िया, महामंत्री कुसुम श्री माल, रजनी बापना ने बताया कि अगले चरण में शहर के मूक-बधिर और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को चॉकलेट वितरित की जाएगी ताकि वे भी दीपावली की खुशियों में सहभागी बन सकें।

कार्यक्रम में समाजसेवी नवरतनमल बम्ब, तनसुखलाल, पूर्व पार्षद सुरेश बम्ब, सीए महावीर सुनीता गांधी, अनुराग बाबेल, ललित बोहरा, सीए नवजोत सिंह, लीला कोठारी, दीक्षा देवी, अलका बम्ब, अभिषेक पोखरना, प्राचीर समदानी, मुकेश मेडतवाल, अर्पित नंदावत, अनिल विश्लोत, गुणमाला बोहरा, मधु साँखला, पप्पू बोहरा, सपना जाट, राजाराम शर्मा, दीपेश नैनावटी, हुकमीचंद खटोड़, राकेश पगारिया, राजेश बाफना सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

# ओझागर सेन समाज की बैठक में धोवरा प्रथा समाप्त करने का निर्णय, 4 नवंबर को नव निर्मित सराय का होगा उद्घाटन

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला ।



क्षेत्र के आम मेवाड़ सेन समाज ओझागर महादेव जी की बैठक संपन्न हुई, जिसमें समाज की एक ऐतिहासिक पहल के तहत धोवरा प्रथा को बंद करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता ओझागर महादेव समिति अध्यक्ष गोपाललाल सेन गूंदली ने की।

अध्यक्ष गोपाललाल सेन ने बैठक में बताया कि सेन समाज द्वारा निर्मित नव निर्मित सराय का उद्घाटन 4 नवंबर को किया जाएगा। इससे पहले 3 नवंबर को हवन और 4 नवंबर को भोजन व अतिथि सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि समाज के जिन सदस्यों की पुरानी उगाही शेष है, वे उसे शीघ्र जमा कराएं। साथ ही समाज के भामाशाहों ने सराय उद्घाटन समारोह के लिए उदारतापूर्वक सहयोग राशि देने की घोषणा की।

समाज के 34 गांवों से उपस्थित सदस्यों से अपील की गई कि वे समारोह की सफलता के लिए निर्धारित सहयोग राशि शीघ्र मनोनीत व्यक्ति को या सीधे अध्यक्ष को ऑनलाइन जमा कराएं, जिसकी रसीद उन्हें प्रदान की जाएगी।

बैठक में बालूलाल तिलोली, बालूलाल सांगवा, प्रहलादलाल, मदनलाल सांगवा, हरकलाल एकलिंगपुरा, हीरालाल बासड़ा, शंकरलाल कोटड़ी, भंवरलाल कीरतपुरा, गणेश, रतन, उदयराम कोचरिया, जगदीश, घनश्याम दरीबा, भेरू, मुकेश, रवि कारोही, रोशन, लादू, छीतर राजपुरा, भेरू दादिया, रतन सुखदेव हमीरपुरा, महावीर गूंदली, रामलाल भाकलिया, राजू, सुखदेव, कैलाश, ओझागर, शंकर रामपुरिया, नारायण मेघरास सहित 34 गांवों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने समाज की एकता और प्रगतिशील निर्णयों की सराहना करते हुए आगामी उद्घाटन समारोह को ऐतिहासिक और सफल बनाने का संकल्प लिया।

# विधायक अशोक कोठारी ने कहा - राजनीति नहीं, सेवा है मेरा लक्ष्य

## पत्रकारों से मुलाकात में बोले विकास कार्यों को उस मुकाम तक ले जाना चाहता हूं कि अगला विधायक मुझसे बेहतर करे

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



प्रेस सोसायटी के सदस्यों ने शनिवार को शहर विधायक अशोक कोठारी से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पत्रकारों के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक से नगर के चल रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की।

करीब डेढ़ घंटे चली इस सार्थक बातचीत में विधायक कोठारी ने भीलवाड़ा के विकास का मास्टर प्लान साझा किया और बताया कि वे योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल राजनीति करना नहीं, बल्कि जनसेवा को जीवन का मिशन बनाना है। विधायक कोठारी ने कहा, मैंने निर्दलीय चुनाव इसलिए नहीं लड़ा कि मैं राजनेता बनूं, बल्कि इसलिए कि मैं जनता का सेवक बन सकूं। मैं राजनीति में केवल अपने विधायकी कार्यकाल तक ही रहूंगा। मेरा मूल्यांकन इस बात से होना चाहिए कि आने वाला विधायक मुझसे बेहतर कार्य करे। उन्होंने यह भी कहा कि भीलवाड़ा के विकास में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और स्थानीय पत्रकार सदैव समाज के प्रति जिम्मेदारी निभा रहे हैं। मुलाकात के दौरान विधायक कोठारी ने पत्रकार साथियों को अपनी आध्यात्मिक और दार्शनिक सोच से प्रेरित पुस्तकें जीवात्मा जगत के नियम सहित अन्य ग्रंथ भेंट किए। कार्यक्रम में प्रेस सोसायटी के वरिष्ठ पत्रकार शहजाद खान, बृजेश शर्मा, शिवकुमार शर्मा, और स्वतंत्र राजपुरोहित सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

# यूआईटी भूखंड लॉटरी में फर्जीवाड़े के आरोप, आवंटन निरस्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन

**कलेक्ट्रेट पर विरोध, कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन,अधिकारियों और उनके परिवारों को नियमों के विरुद्ध मिले प्लॉट**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।





यूआईटी की ओर से 16 अक्टूबर को निकाली गई 3081 भूखंडों की लॉटरी पर अब सवाल उठने लगे हैं। शनिवार को कलेक्ट्रेट के सामने सैकड़ों आवेदकों और आमजन ने विरोध प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि लॉटरी प्रक्रिया में भारी अनियमितताएं और पक्षपात किया गया है। प्रदर्शनकारियों ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर लॉटरी निरस्त करने और जांच कराने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि आवेदन केवल ऑफलाइन लिए गए, जबकि लॉटरी ऑनलाइन माध्यम से निकाली गई, जिससे प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि आठ अलग-अलग योजनाओं के लिए आवेदन अलग-अलग लिए गए, परंतु लॉटरी सभी योजनाओं के लिए एक साथ निकाली गई, जिससे वास्तविक पात्रों को मौका नहीं मिला। आवेदकों ने आरोप लगाया कि लॉटरी में 87 हज़ार नाम शामिल होने का कोई स्पष्ट रिकॉर्ड सार्वजनिक नहीं किया गया। इसके अलावा, कई यूआईटी अधिकारियों और उनके परिजनों को नियमों के विपरीत भूखंड आवंटित किए गए। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, एक ही परिवार के कई सदस्यों को अलग-अलग योजनाओं में प्लॉट मिले, जो नियमानुसार वर्जित है। लोगों ने यह भी बताया कि कई आवेदकों ने आय वर्ष 2023-24 में कम आय दर्शाकर आवेदन किए, जिसके बाद आय सीमा को 50,000 रुपये से बढ़ाकर 6 लाख रुपये कर दिया गया, जिससे पात्रता के नियमों का उल्लंघन हुआ। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह पूरा मामला भूखंड वितरण में पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़ा करता है, इसलिए लॉटरी प्रक्रिया की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और फर्जीवाड़े को उजागर करते हुए लॉटरी को तत्काल निरस्त किया जाए।

## धनतेरस की रौनक से जगमगाया भीलवाड़ा, पांच दिवसीय दीपोत्सव का शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



त्योहारों की चमक और खुशियों के बीच शनिवार को धनतेरस के साथ पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरुआत हुई तो पूरा शहर रोशनी और उमंग से भर उठा। शाम ढलते ही सड़कों पर दीपों और लाइटों की जगमगाहट ने माहौल को रंगीन बना दिया। लोगों में खरीदारी का उत्साह चरम पर रहा और बाजारों में कदम रखने तक की जगह नहीं बची। शहर के सूचना केंद्र, गोल प्याऊ, राजीव गांधी चौराहा, एमजीएच चौराहा और स्टेशन चौराहा आकर्षक विद्युत सजावट से चमक उठे। नगर निगम की ओर से मुख्य मार्गों, सरकारी भवनों और प्रमुख बाजारों में विशेष लाइटिंग की गई, जिससे पूरा शहर दीपोत्सव की आभा में नहा गया। सदर बाजार, बालाजी मार्केट, सुभाष मार्केट, गांधी बाजार, आजाद चौक और महावीर पार्क क्षेत्र में दुकानदारों ने दीपों, झालरों और फूलों से सजावट कर ग्राहकों का स्वागत किया। भीड़भाड़ और चहल-पहल ने त्योहार की रौनक को और बढ़ा दिया। धनतेरस पर सोना-चांदी, कार, टू-व्हीलर, गृह सज्जा सामग्री और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की जबरदस्त खरीदारी हुई। बढ़े हुए दामों के बावजूद ग्राहकों में खरीदारी को लेकर उत्साह कम नहीं हुआ। ज्वेलरी शोरूम और वाहन एजेंसियों पर लोगों की भीड़ दिनभर लगी रही।

## त्योहार की रौनक पर गंदगी का ग्रहण - गांववाले परेशान, अधिकारी मौन



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जहां एक ओर दीपावली को लेकर घरों में साफ-सफाई, रंग-रोगन और सजावट का दौर चल रहा है, वहीं ग्राम पंचायत सेथुरिया के गांवों में गंदगी का अंबार ग्रामीणों की खुशियों पर ग्रहण लगा रहा है। दीपोत्सव की तैयारियों के बीच गांव की गलियां कीचड़ और कचरे से अटी पड़ी हैं, जिससे लोगों में नाराजगी है। ग्राम पंचायत सेथुरिया के सोपुरा गांव में हालात सबसे बदतर हैं। यहां वार्ड संख्या 10 और 11 की गलियों में नालियां पूरी तरह चोक हैं और गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में स्वच्छता पखवाड़ा चलाए जाने और लाखों रुपये खर्च करने के दावे केवल कागजों तक सीमित हैं। सफाईकर्मी महीनों से गांव में नहीं दिखे और सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप है। ग्रामीणों ने बताया कि जमा गंदे पानी से मच्छरों का आतंक फैल रहा है और कई जगह बदबू के कारण लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। दीपावली जैसे महापर्व पर जहां शहर रोशनी में नहा रहे हैं, वहीं सेथुरिया और आसपास के गांव अंधेरे और गंदगी से जूझ रहे हैं। गांववासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए ताकि त्योहार का उल्लास कचरे और कीचड़ के बीच फीका न पड़े।

## QUICK BITES

### बनकाखेड़ा में धन्वंतरि जयंती हर्षोल्लास से मनाई

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर




(सांवर वैष्णव) कस्बे के निकटवर्ती बनकाखेड़ा गांव स्थित राजकीय आयुर्वेद औषधालय में शनिवार को धनतेरस के अवसर पर धन्वंतरि जयंती धूमधाम से मनाई गई।

आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश वैष्णव ने बताया कि इस अवसर पर औषधालय परिसर में विधिवत भगवान धन्वंतरि का पूजन-अर्चन किया गया और सभी के आरोग्य व दीर्घायु की कामना की गई। उन्होंने कहा कि मनुष्य का सबसे बड़ा धन उसका निरोगी शरीर है, और आयुर्वेद इसी जीवन दर्शन का प्रतीक है।

कार्यक्रम में नर्स लाड़ आचार्य, योगा ट्रेनर शिव प्रकाश, कृषि अधिकारी भुरी मीणा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ललिता, सुमित्रा तथा परिचारक शांता देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।पूजन के बाद आयुर्वेद के महत्व और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पर भी चर्चा की गई।

### श्रद्धा और उल्लास से मनाया गया धनतेरस पर्व

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला



(जसवंत पारीक) कस्बे एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को धनतेरस का पर्व परंपरागत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही गांवों में धार्मिक माहौल देखने को मिला।

प्रातःकालीन शुभ मुहूर्त में ग्रामीण महिलाएं पूजा-अर्चना के लिए गांव के बाहर स्थित जंगलों में गईं, जहाँ से वे लक्ष्मी स्वरूप पीली मिट्टी लेकर लौटीं। इस मिट्टी से घरों के देवस्थानों पर पुताई की गई और पारंपरिक मांडने बनाए गए। धनतेरस के अवसर पर बाजारों में भी भारी रौनक और खरीदारी का उत्साह देखने को मिला। लोग शुभ समय में धन, बर्तन, दीपक और पूजन सामग्री की खरीदारी करते नजर आए। ग्रामीण क्षेत्र में इस पारंपरिक तरीके से धनतेरस का पर्व मनाकर लोगों ने समृद्धि, स्वास्थ्य और सुख-शांति की कामना की।

### दीपावली सजावट प्रतियोगिता शुरू, चार दिन तक होगी बाजारों, सर्कल और घरों की सजावट का अवलोकन

**यूनेस्को एसोसिएशन ने परंपरा, सौंदर्य और सामूहिकता को बढ़ावा देने की पहल की**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

दीपावली की रौनक को और निखारने तथा सामूहिक सजावट को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला यूनेस्को एसोसिएशन द्वारा दीपावली सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 22 अक्टूबर तक जारी रहेगी, जिसमें शहर के बाजारों, सर्कलों और व्यक्तिगत घरों की सजावट का मूल्यांकन किया जाएगा।

स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए 7 सदस्यीय निरीक्षण समिति का गठन किया गया है। समिति ने शनिवार से ही कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश जैन की अध्यक्षता में शहर के प्रमुख बाजारों और मोहल्लों का निरीक्षण कार्य शुरू किया।

निरीक्षण समिति में मधु लोढ़ा, हरनारायण माली, विशाल विजयवर्गीय, कमलेश जाजू, नंदकिशोर पारीक और राधा अग्रवाल शामिल हैं। यह टीम चार दिन तक लगातार विभिन्न स्थानों पर जाकर सामूहिक व व्यक्तिगत सजावट के साथ-साथ सर्कल डेकोरेशन का भी मूल्यांकन करेगी।

जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने बताया कि संगठन पिछले 40 वर्षों से दीपावली सजावट प्रतियोगिता का आयोजन करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि यूनेस्को का उद्देश्य केवल शिक्षा और संस्कृति तक सीमित नहीं, बल्कि सद्भाव, सेवा और परंपरागत त्योहारों को प्रोत्साहित करना भी है।

निरीक्षण के दौरान समिति सदस्यों के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष चेतन मानसिंहका, जवाहर फाउंडेशन के प्रभारी रजनीश वर्मा और संजय शर्मा भी मौजूद रहे। आयोजकों का कहना है कि इस पहल से न केवल शहर की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि सांस्कृतिक एकता और त्योहारों की परंपरा को नई ऊर्जा मिलेगी।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।